# होला मोहल्ला में पांच हजार जवान संभालेंगे सुरक्षा

## विरासत-ए-खालसा में तैयारियों को लेकर डिप्टी कमिश्नर ने पुलिस अधिकारियों संग बनाई रणनीति

**निजी संवाददाता-श्रीआनंदपुर साहिब**

होला मोहल्ला त्योहार के आसान मैनेजमेंट को पक्का करने के लिए सिविल और पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन जो इंतजाम कर रहा है उनका लगातार रिव्यू किया जा रहा है। इस बारे में डिप्टी कमिश्नर आदित्य डेचलवाल और सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस मनिंदर सिंह की लीडरशिप में विरासत ए खालसा में सिविल और पुलिस अधिकारियों के साथ एक खास मीटिंग हुई। मीटिंग के दौरान भीड़ मैनेजमेंट ट्रैफिक प्लानिंग, पार्किंग इंतज़ाम, सुरक्षा इंतजाम और इमरजेंसी सर्विस की तैयारियों का डिटेल में रिव्यू किया गया। डिप्टी कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने बताया कि कीरतपुर साहिब में 27 फरवरी से पहली मार्च तक और श्रीआनंदपुर साहिब में 2 मार्च से 4 मार्च तक होला मोहल्ला मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीआनंदपुर साहिब को 11 सेक्टर और कीरतपुर साहिब को 2 सेक्टर में बांटा गया है ताकि एडमिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल और तुरंत राहत ऑपरेशन अच्छे से चलाए जा सकें। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि



श्रद्धालुओं की सुविधाए सुरक्षा और आसानी से आना.जाना एडमिनिस्ट्रेशन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस मनिंदर सिंह ने बताया कि श्रीआनंदपुर साहिब में झिंजडी, अगमपुर और चंडेसर में तीन मुख्य चेकपॉइंट बनाए गए हैं जहाँ चौबीसों घंटे अधिकारी और पुलिस फोर्स तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए करीब 5000 पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं। एरियल सर्विलांस के लिए 6 ड्रोन तैनात किए गए हैं जिनकी लाइव फीड सेंट्रल कंट्रोल रूम में 24/7 मॉनिटर की जाएगी। एसएसपी ने मौके पर तैनात सभी सेक्टर इंचार्ज और पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे संगत के साथ विनम्रता और सेवा का व्यवहार करें। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर विकास चंद्र ज्योति सिंह आईएएस, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर, अविकेश गुप्ता, अभिमन्यु मलिक आईएएस, सुखपाल सिंह मेला ऑफिसर कम एसडीएम श्रीआनंदपुर साहिब प्रदीप सिंह बैंस एसडीएम चमकौर साहिब, चेतन बांगर एसडीएम मोरिंडा, सचिन पाठक एसडीएम नंगल, अरविंद मीणा आईपीएस सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, जशनदीप सिंह डीएसपी आनंदपुर साहिब, हरकीरत सिंह डीएसपी नंगल के साथ-साथ सिविल और पुलिस डिपार्टमेंट के सीनियर अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

■ श्रीआनंदपुर साहिब में दो मार्च से सजेगा होली मोहल्ला

# घरेलू शेयर बाजार में गिरावट

**मुंबई** । विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 28.13 अंक गिरकर 82,220.48 अंक पर खुला है।


**दि परवाणू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट-4A, सेक्टर-1, परवाणू, जिला-सोलन (हिमाचल प्रदेश)

**विशेष साधारण सभा की सूचना (केवल सदस्यों हेतु)**

यह सूचित किया जाता है कि दि परवाणू अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के सदस्यों की एक विशेष साधारण सभा बुधवार, दिनांक 18 मार्च, 2026 को अपराह्न 03:00 बजे, प्रथम तल, प्लॉट-4A, सेक्टर-1, परवाणू, जिला-सोलन, हिमाचल प्रदेश-173220 में आयोजित की जाएगी, जिसमें बैंक से संबंधित निम्नलिखित कार्य पर विचार किया जाएगा:

**कार्यसूची**

दि करन अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को दि परवाणू अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में विलय की योजना (Scheme of Amalgamation) पर विचार एवं अनुमोदन करना तथा उक्त योजना को अनुमोदन हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक को अनुशंसा सहित प्रेषित करना।

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**दिनांक: 24 फरवरी, 2026** **हस्ता./-**
**स्थान: परवाणू** **प्रवीण कुमार अरोड़ा (मुख्य कार्यकारी अधिकारी)**

**टिप्पणियाँ:** 1.यदि सभा के प्रारंभ में आवश्यक गणपूर्ति (Quorum) उपस्थित नहीं होती है, तो सभा स्थगित कर दी जाएगी। स्थगित सभा उसी दिन, उसी स्थान पर, अपराह्न 03:30 बजे, गणपूर्ति की परवाह किए बिना पुनः आयोजित की जाएगी, जिसमें केवल सूचना में उल्लिखित कार्य ही संपन्न किया जाएगा। **2.**सदस्यों से अनुरोध है कि यदि इस विशेष साधारण सभा में विचारार्थ प्रस्तुत विषयों से संबंधित कोई प्रश्न हो, तो वे अपने प्रश्न लिखित रूप में बैंक के पंजीकृत कार्यालय में दिनांक 17 मार्च, 2026 तक, कार्य दिवसों में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक प्रस्तुत करें। **3.**सदस्यों से अनुरोध है कि चूंकि कार्यसूची में मतदान अपेक्षित है, अतः बैंक के उपविधियों के अनुसार पात्र सदस्य ही सभा में उपस्थित होने एवं मतदान करने के अधिकारी होंगे। **4.**सदस्यों से निवेदन है कि वे सभा में अपना फोटो पहचान पत्र साथ लेकर आएं।


# ढोल-नगाड़ों से होला मोहल्ला का शुभारंभ

## श्रीकीरतपुर साहिब में गूंजे जयकारे; अखंड पाठ साहिब का भोग डाला, पहली मार्च तक चलेगा कार्यक्रम

**निजी संवाददाता-श्रीआनंदपुर साहिब**

खालसा पंथ का राष्ट्रीय त्योहार होला मोहल्ला 27 फरवरी से पहली मार्च तक श्रीकीरतपुर साहिब में और 2 से 4 मार्च तक श्री आनंदपुर साहिब में खालसा जाहो जलाल के साथ मनाया जा रहा है। हर साल की तरह इस साल भी होला मोहल्ला की शुरुआत पुरानी परंपराओं के अनुसार ढोल-नगाड़ों और जैकारों की गूंज के साथ धूमधाम से हुई। इस मौके पर सबसे पहले अखंड पाठ साहिब का भोग डाले गए। जिसके बाद आनंदगढ़ किले में रात का दीवान लगाया गया। जिसमें गुरु घर के कीर्तनियों ने गुरबानी कीर्तन से संगतों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



होला मोहल्ला के औपचारिक शुरुआत के अवसर पर सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज, सिंह साहिब ज्ञानी टेक सिंह धनोला, हेड ग्रंथी ज्ञानी जोगिंदर सिंह, शिरोमणि कमेटी सदस्य भाई अमरजीत सिंह चावला, अंतरिम कमेटी सदस्य डा. दलजीत सिंह भिंडर, बाबा जरनैल सिंह ने पूरी संगत को होला मोहल्ला के इतिहास से अवगत कराते हुए बधाई दी और उनसे होला मोहल्ला मनाने के लिए बड़े उत्साह के साथ श्री आनंदपुर साहिब की धरती पर आने की अपील भी की। इस अवसर पर प्राचीन परंपरा के अनुसार पंथक शख्सियतों ने तख्त श्री केसगढ़ साहिब के मैनेजर मलकीत सिंह को दस्तार सजाकर उन्हें होला मोहल्ला के पूरे प्रबंधों की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर होला मोहल्ला के आरंभता की अरदास सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने की। उपरांत महान संतों महापुरुषों द्वारा बोले सो निहाल सत श्रीअकाल के जैकारों और ढोल नगाड़े की गूंज के साथ होला मोहल्ला का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बाबा सतनाम सिंह किला आनंदगढ़ साहिब, बाबा कश्मीर सिंह भूरी वाले, बाबा गुरदेव सिंह गुरुद्वारा शहीदी बाग, एडवोकेट हरदेव सिंह एडिशनल मैनेजर, एसडीएम कम मेला ऑफिसर सुखपाल सिंह, डिप्टी मैनेजर भूपिंदर सिंह, डिप्टी मैनेजर अमरजीत सिंह जिंदबड़ी, बाबा सुखविंदर सिंह, दविंदर सिंह एससी, सूचना अधिकारी हरप्रीत सिंह, जसविंदर सिंह, स्त्री सत्संग सभा की अध्यक्ष माता गुरचरण कौर, बीबी परविंदर कौर और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# पंजाब के सरदूलगढ़ में बदमाशों ने व्यापारी को मारी गोली, जांच शुरू

**फिरोजपुर।** पंजाब के मानसा जिले के सरदूलगढ़ में शुक्रवार सुबह बदमाशों ने एक व्यापारी और उसके कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। व्यापारी जसवीर सिंह अपने फार्म हाउस पर मौजूद थे। उनके साथ उनका कर्मचारी बलदेव सिंह भी था। इसी दौरान हथियारबंद बदमाश वहां पहुंचे और दोनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जसवीर सिंह का शव कुर्सी पर मिला जबकि बलदेव सिंह का शव जमीन पर पड़ा मिला। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मीना एसएसपी मानसा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और फोरेंसिक टीमों को भी सबूत इकट्ठा करने के लिए बुलाया गया है।


**Office of the Nagar Panchayat Jubbal Distt.-Shimla (H.P.)**

No. NP/JBL/2026-1826-30, Dated 26/2/2026

**Notice Inviting Tender**

Sealed item rate tenders are hereby invited by the undersigned on behalf of **the Nagar Panchayat Jubbal Distt. Shimla HP** for the following works from the Govt. approved and eligible contractors registered in appropriate class for the following works. The tender forms can be purchased from the office of NP Jubbal during working hours on cash payment as shown below (non-refundable) on dated **13/03/2026 at 10:00 AM to 11:30 AM.** The sealed tenders will be received on dated **16/03/2026 till 11:30 AM** and will be opened on the same day at **11:45 AM** by a duly constituted committee in the presence of the contractors or their authorized representatives who may like to be present.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated cost | Earnest money | Time Period | Cost of tender form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | P/F of fencing Near Sulabh toilet in front of UCO Bank to old bridge at ward No.-06 NP Jubbal. | 420970=00 | 8420=00 | 02 Months | 300=00 |
| 2. | P/F of fencing work old bridge towards New bridge in ward No.-06 NP Jubbal | 498183=00 | 9970=00 | 02 Months | 300=00 |
| 3. | P/F of fencing adjacent to bridge near old telephone exchange at ward No-05 NP Jubbal. | 130907=00 | 2620=00 | 02 Months | 300=00 |
| 4. | P/F of fencing CDPO Office towards pull side at ward No.-03 NP Jubbal. | 232265=00 | 4650=00 | 02 Months | 300=00 |
| 5. | P/F of fencing in front of Range Forest officer Near Hospital at ward No-05 NP Jubbal. | 168062=00 | 3370=00 | 02 Months | 300=00 |

**TERMS AND CONDITIONS:-**

1. The tender form can be obtained from the office of the Nagar Panchayat Jubbal on cash payment (non refundable). The estimate/drawing/specification and Tender condition can be seen in the office of the Nagar Panchayat Jubbal on any working day during office hours up to 03:00 P.M. upto the day preceding opening the tenders.
2. The tender forms will be issued only on the submission of attested copies of the proof of Enlistment, E.P.F. & Registration in the appropriate class and its renewal if required.
3. Registration under Goods and Service Tax (Compensation to States) Act, 2017 and Pan Card is essential.
4. The contractors are requested to quote the rate of each items in words as well as figures in schedule of quantity.
5. Telegraphic/Conditional tender will not be entertained in any case. The offer of the tender shall be kept open for 120 days.
6. If the date of opening of the tenders happens to be holiday, the tenders will be opened at the same time and venue on the next working day and no separate notice will be issued in this regard.
7. All types of taxes/cess etc. as applicable to contractors will be deducted from the bill of work/supply.
8. The tender must be accompanied with earnest money shown against the work in the shape of cash/National saving certificates/Saving Bank Account /FD of any post Office in (HP) duly pledged in favour of Secretary Nagar Panchayat Jubbal.
9. Tender received without earnest money shall not be entertained and other details can be seen in the tender form.
10. The contractor will be responsible for watch and ward of material at site of work.
11. Secretary, NP Jubbal reserves the right to cancel any or all the tenders any time without assigning any reason.

**Sd/- Secretary, Nagar Panchayat Jubbal, Distt. Shimla, H.P.**


# गंभीरपुर में स्कूल ऑफ हैप्पीनेस की बिल्डिंग का लैंटल डला



**निजी संवाददाता-श्रीआनंदपुर साहिब**

पंजाब सरकार की शिक्षा क्रांति के तहत शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के गांव गंभीरपुर में 6 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे स्कूल ऑफ हैप्पीनेस की बिल्डिंग का पहला लैंटर डाला गया। इस मौके पर गांव वालों ने अरदास करके कंस्ट्रक्शन का काम शुरू किया और शिक्षा मंत्री का विशेष धन्यवाद किया गया। यह स्कूल पंजाब का पहला और सबसे बड़ा प्राइमरी लेवल का स्कूल ऑफ हैप्पीनेस होगा। जो बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के सफर में मील का पत्थर साबित होगा। शिक्षा मंत्री का पहले किया गया वादा आज हकीकत बनता दिख रहा था। गांववालों ने बताया कि गंभीरपुर इलाके में लंबे समय से एक मॉडर्न स्कूल की जरूरत थी जो बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ खेल और क्रिएटिव एक्टिविटीज के लिए सही माहौल दे सके। स्कूल बनने का काम शुरू होने से इलाके में खुशी की लहर है और लोगों को उम्मीद है कि यह स्कूल सरकारी स्कूलों की सूरत बदल देगा। इस मौके पर सोहन सिंह बैंस, बलविंदर कौर बैंस, जसप्रीत जेपी अंकुश पाठक, सरपंच एड मीना कालिया और बड़ी संख्या में गांव वाले मौजूद थे।

## एपीजे इंस्टीट्यूट में वेबसाइड डिजाइनिंग कार्यशाला



**जालंधर।** एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी कैंपस एआईएमईटीसी के अंतर्गत इंजीनियरिंग क्लब ने छात्रों में वैज्ञानिक सोच, तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचारी सोच को विकसित और बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24 से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया। सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव का शुभारंभ 24 से 26 फरवरी तक आयोजित वेबसाइट डिजाइनिंग कार्यशाला से हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को कार्यात्मक, उपयोगकर्ता अनुकूल और आकर्षक वेबसाइटों की योजना बनाने, डिजाइन करने और विकसित करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। प्रतिभागियों को लेआउट योजना, इंटरफेस डिजाइन, सामग्री संरचना और कार्यक्षमता एवं सौंदर्यशास्त्र के एकीकरण की प्रमुख अवधारणाओं से परिचित कराया गया। सत्रों में व्यावहारिक शिक्षा और प्रत्यक्ष अनुभव पर जोर दिया गया। जिससे छात्रों को वर्तमान उद्योग रुझानों और डिजिटल आवश्यकताओं को समझने में मदद मिली। कार्यशाला में प्रभावी वेब समाधान बनाने के लिए डिजाइनरों, डेवलपर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के बीच सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

# मोगा में अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार



**मोगा।** पंजाब में मोगा पुलिस ने एक लक्षित ऑपरेशन में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से पांच अवैध हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी लखविंदर सिंह पाकिस्तान स्थित हैंडलर के इशारे पर काम कर रहा है। उन्होने कहा कि इस संबंध में थाना सिटी मोगा में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, और नेटवर्क के पिछले और अगले संपर्कों को स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है।


**क्लासिफाइड**

**नाम परिवर्तन**

● मैं अखिल कुमार पुत्र राय सिंह, गांव टिक्का चत्तेहर, डाकघर योल कैंट, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश। घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम अखिल से बदलकर अखिल कुमार कर लिया है।

Advt. No.: 14562

**REQUIRED**

● Part-time or full-time extra income with a MNC! Students, homemakers, professionals & retirees can join. Training provided—WhatsApp today: 8928089894

Advt. No.: 14586

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि समाचारपत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में विवेक से काम लें और कोई कदम उठाने मसलन चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित, भविष्य संबंधी, अनुबंध, आकर्षक या किसी प्रकार की पुरस्कार योजना-प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व भली-भांति जांच पड़ताल कर लें। किसी भी विज्ञापन में किए गए दावे से 'दिव्य हिमाचल' न तो सहमत है और न ही इसकी गारंटी देता है। इस मामले में पाठक ही निजी तौर पर जिम्मेदार होगा, जबकि 'दिव्य हिमाचल' के प्रकाशक, संपादक या स्वामी को किसी विज्ञापन के विषय, संदर्भ या दावे के परिणामों की विफलता के लिए जिम्मेदार नहीं माना जाएगा।



No. MCPAONTA SAHIB/HOLI MELA-2026-273 Dated: 27.02.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL PAONTA SAHIB, DISTRICT SIRMAUR (H.P.)**

Executive Officer, Municipal Council Paonta Sahib do hereby invites online bids on the website https://hptenders.gov.in from the eligible contractors/firms/Individuals for the works as mentioned below:-

| Sr. No. | Description | Tender Download start Date | Tender Download End Date | Manual submission of DD and Technical Documents | Tender opening date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Publication of E-Tender Download Tender Document & Online Bid Submission regarding Providing of Sound System on culture program in Holi Mela 2026 M.C. Paonta Sahib | 27.02.2026 | 05.03.2026 till 09:00 A.M. | 05.03.2026 till 11:00 A.M | 05.03.2026 11:30 A.M. |

**General Instructions:-**

1. Detailed Notice Inviting Tender Document & other related documents, terms and conditions can be downloaded from the website of Himachal Government:- https://hptenders.gov.in or can be seen at any working day in the office of Municipal Council Paonta Sahib during working hours.

**Executive Officer**
**Municipal Council Paonta Sahib**


# आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय एथनो-फार्माकोलॉजी पुरस्कार




**मोहाली। भारत एवं विश्व स्तर पर आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसन्धान को बल देने वाले अग्रणी वैज्ञानिक और आयुर्वेदाचार्य, आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसन्धान संस्थान मोहाली में आयोजित सोसायटी फॉर एथनोफार्माकोलॉजी की 13वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसलेशनल रिसर्च इन एथनोफार्माकोलॉजी इंटेग्रटिंग ट्रैडिशनल मेडिसिन इन मॉडर्न हेल्थकेयर में एसएफई उत्कृष्ट राष्ट्रीय एथनो फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान एसएफई इंडियां द्वारा एथनोफार्माकोलॉजी एवं पारंपरिक औषधियों के शोध तथा विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शोधकर्ताओं को प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है यह आयुर्वेद की उपलब्धि है यह संपूर्ण भारत की उपलब्धि है। पतंजलि, आयुर्वेद के उत्थान और जनमानस को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसी दिशा में प्रगतिशील है।**

## शहीदी दिवस पर गंभीरपुर में रक्तदान कैंप

**श्रीआनंदपुर साहिब।** भारत के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहीदी दिवस के मौके पर पंडित चंद्रशेखर आजाद स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर क्लब गांव गंभीरपुर की तरफ से पहला बड़ा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इस कैंप में लगभग 60 ब्लड डोनर्स ने अपनी मर्ज़ी से ब्लड डोनेट करके इंसानियत की सेवा में अपना योगदान दिया। कैंप का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस के पिता सोहन सिंह बैंस और डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग बोर्ड के चेयरमैन हरमिंदर सिंह ढाहे ने मिलकर किया। इस मौके पर एनआरआई समाजसेवी तजिंदर सिंह भट्ठल खास तौर पर मौजूद रहे और उन्होंने खून देने वालों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने क्लब को दो लाख रुपए की ग्रांट देने का ऐलान किया।

# खालसा कालेज में स्किन केयर-लेजर ट्रीटमेंट पर बांटी जानकारी

**अमृतसर।** खालसा कालेज ऑफ नर्सिंग में कॉस्मेटोलॉजी विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कालेज की प्रिंसीपल डा. अमनप्रीत कौर के दिशा-निर्देशों में आयोजित इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध कॉस्मेटोलॉजिस्ट डा. शिखा बागी बीडीएसए एमडीएस संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, टाइमलेस एस्थेटिक्स तथा संस्थापक, टाइमलेस प्रॉमिस फाउंडेशन ने भाग लिया। इस संबंध में प्रिंसीपल डा. अमनप्रीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सेमिनार का आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर हरलीन कौर द्वारा किया गया। जिसमें नर्सिंग विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर डा. बागी ने विद्यार्थियों को आधुनिक कॉस्मेटोलॉजी, स्किन केयर, लेजर ट्रीटमेंट तथा एस्थेटिक प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इस क्षेत्र में उभर रही नई तकनीकों और करियर के अवसरों के बारे में भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस मौके पर प्रिंसहपल डा. अमनप्रीत कौर ने कहा कि सेमिनार के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। जिसमें डा. बागी और उनके साथ आए सदस्यों ने छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के विस्तारपूर्वक उत्तर दिए।


**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय संधोल**
**जिला मंडी, हि.प्र.-176090**

**सत्र 2026-27 हेतु अंशकालिक संविदा शिक्षकों के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय संधोल, सत्र 2026-27 के दौरान उत्पन्न होने वाली रिक्तियों के विरुद्ध अंशकालिक संविदा आधार पर शिक्षकों का पैनल तैयार करने हेतु प्रत्यक्ष साक्षात्कार का आयोजन विद्यालय परिसर में प्रातः 09:00 बजे से निम्नानुसार किया जाएगा।

**साक्षात्कार कार्यक्रम:**

| क्र.सं. | पद | विषय | दिनांक/दिन एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | स्नातकोत्तर शिक्षक | अंग्रेजी, हिंदी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवन विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान | 20.03.2026/शुक्रवार प्रातः 09:00 बजे |
| 2. | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक | अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, सामाजिक विज्ञान | 20.03.2026/शुक्रवार प्रातः 09:00 बजे |
| 3. | प्राथमिक शिक्षक (PRT) व्यावसायिक प्रशिक्षक, कंप्यूटर अनुदेशक, विशेष शिक्षक, योग प्रशिक्षक, खेल प्रशिक्षक काउंसलर, नर्स | ---- | 20.03.2026/शुक्रवार प्रातः 09:00 बजे |

शैक्षिक योग्यता, विस्तृत विज्ञापन, निर्देश एवं आवेदन प्रपत्र हेतु कृपया विद्यालय की वेबसाइट देखें : https://sandhole.kvs.ac.in पंजीकरण प्रपत्र स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा स्वयं विद्यालय में 19.03.2026 तक जमा किया जा सकता है। अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, उनकी एक स्वप्रमाणित छायाप्रति तथा 02 नवीन पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो के साथ प्रातः 09:00 बजे तक विद्यालय में उपस्थित हों। हिंदी और अंग्रेजी में पढ़ाने की दक्षता तथा कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान उपरोक्त सभी पदों के लिए आवश्यक है।

प्राचार्य



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India**

शिमला (30950) शाखा
बेला विला, दि माल, शिमला
जिला-शिमला, हिप्र. 171001

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

**ईएमडी जमा की जाएगी तथा नीलामी का समय समाप्त होने से पहले संपत्ति आईडी के साथ ईएमडी राशि लिंक/मैप की जाएगा।**

आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणी एवं गारंटरों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को प्रभारित/मोर्टगेज्ड निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सिक्योर्ड क्रेडिटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक कब्जा ग्रहण किया गया है, निम्न वर्णित ऋणियों एवं गारंटरों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की निम्न वर्णित अनुसार बकाया देय राशि की वसूली हेतु निम्न वर्णित तिथि पर ''जैसा है जहां है'' तथा ''जो है जैसा है'' आधार पर बिक्री की जाएगी। आरक्षित कीमत और जमा धरोहर राशिनिम्न वर्णित है।

1. शिमला (30950) शाखा, बेला विला, दि माल, शिमला, जिला-शिमला, हिप्र. 171001

**ऋणी का नाम: मेसर्स हेल्थकेयर प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स ब्रास हेल्थकेयर), पता:** 1. गांव खैलेर, पीओ सपरून, तहसील एवं जिला सोलन (हिप्र.)-173212, **पता: 2.** एसडब्ल्यूडी 702, वार्ड सं. 12, भाटिया नास, सोलन, हिमाचल प्रदेश-173212, **(ए) श्री मदन मोहन ठाकुर** पुत्र श्री रूप राम **(मोर्टगेजर), पता:** 1. गांव सिहारदी मुसलमाना, डाक धर्मपुर, तहसील कसौली, जिला सोलन, (हिप्र.) 173209, **पता: 2.** पौड निचली, परगना सिइउन, तहसील अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश-173208, **(बी) श्री भूप राम वर्मा** पुत्र श्री मेद राम वर्मा **(निदेशक/मोर्टगेजर), पता:1** -समीप डीएवी स्कूक, सन्नी साईड, भाटिया निवास, सोलन (हिप्र.)-173212, **पता:2-** ढह्री (जाबल), तहसील अर्की, जिला सोलन, (हिप्र.)-173208, **(सी) श्री अनिल प्रसाद सिंह** पुत्र श्री विरेंदर प्रसाद सिंह (निदेशक), मकान सं. 55, मॉडल टाउन, साजन सिंह, साजन सिंह बाग, पानीपत, हरियाणा-132103

**नियत राशि:** 13.10.2025 को **रु. 2,75,61,750.29** (केवल दो करोड़ पचहत्तर लाख इकसठ हजार सात सौ पचास रुपए एवं उनतीस पैसे) तथा 14.10.2025 से प्रभावी आगामी ब्याज, लागत और खर्चों के साथ।

**बेची जाने वाली संपत्ति का विवरण: लॉट:** 1. श्री भूप राम वर्मा पुत्र श्री मेद राम वर्मा के नाम में वर्ष 2016-2017 के लिए जमाबंदी के अनुसार मौजा ठोडो सोलन, तहसील एवं जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश में स्थित खेवट/खतौनी सं. 145/304, खसरा सं. 9160/2999/597 माप 00-02-45 हेक्टेयर्स (245 वर्ग मीटर) में सम्मिलित उस पर निर्मित भवन के साथ 120/196 हिस्से के विस्तार तक भूमि जो 150 वर्ग मीटर में आता है। चौहद्दी निम्नानुसारः उत्तरः खुला प्लाट एवं पथ, दक्षिणःडीएवी स्कूल, पूर्वःश्री गुप्ता का मकान और खुली भूमि, पश्चिमः डीएवी स्कूल का पथ और डॉ.सूद का मकान।

| आरक्षित कीमत | धरोहर राशि | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| लॉटः 1. | | |
| रु. 1,36,00,000/- | रु. 13,60,000/- | रु. 1,36,000/- |

**बेची जाने वाली संपत्ति का विवरण: लॉट: 2.** श्री मदन मोहन ठाकुर पुत्र श्री रूप राम के नाम में वर्ष 2004-2005 के लिए जमाबंदी के अनुसार मौजा सिहारदी मुसलमाना, हदबस्त सं. 769, तहसील कसौली, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश में स्थित 00-05-00 बीघे के भाग के ऊपर मौजूदा भवन के साथ खेवट/खतौनी सं. 57/71, खसरा सं. 17, माप 00-10-00 बीघे (10 बिस्वे) में सम्मिलित भूमि। चौहद्दी निम्नानुसारः **उत्तर:** श्री दीन दयाल का मकान, **दक्षिण:** श्री नंद लाल का मकान, **पूर्व:** पथ एवं श्री लीला दत्त का मकान, **पश्चिम:** श्री राजपाल की खुली भूमि।

| आरक्षित कीमत | धरोहर राशि | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| लॉटः 1. | | |
| रु. 1,25,00,000/- | रु. 12,50,000/- | रु. 1,25,000/- |

ईएमडी जमा की जाएगी तथा ई-नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व संपत्ति आईडी के साथ लिंक/मैप की जाएगी। उक्त वर्णित संपत्तियों को वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से 10.04.2026 को दोप. 12.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन ई-नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा।
(10 मिनट के असीमित विस्तारों के साथ)

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.baanknet.com और www.unionbankofindia.co.in में दिए गए लिंक को देखें। पंजीकरण और लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए https://www.baanknet.com पर संपर्क करें।

दिनांक: 27.02.2026 स्थान: शिमला प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया